# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 13.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में चलाया गया विशेष सघन बैंक चेकिंग अभियान, बैंक परिसर, बैंकों/एटीएम/वित्तीय संस्थानों आदि के आसपास की गई संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग साथ ही एटीएम/बैंक शाखाओं के सुरक्षा उपकरणों आदि को किया गया चेक।**

**विवरण**-श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों/वित्तीय संस्थानों और उसके आसपास के क्षेत्रों से होने वाली आपराधिक घटनाओं- लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी आदि को नियंत्रित करने के लिए आज दिनांक 13.10.2025 को जनपद में विशेष सघन बैंक/एटीएम/वित्तीय संस्थानों की चेकिंग का अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एटीएम/बैंक शाखाओं व वित्तीय संस्थानों आदि को चेक किया गया। इस दौरान एटीएम/बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया तथा आपात स्तिथि में उनकी तैयारियों को भी परखा गया साथ ही 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया। बैंक प्रबन्धकों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं बैंक परिसरों के आस-पास **संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु निर्देशित** किया गया। साथ ही आम जनता को भी बैंक में लेनदेन करते समय सतर्क रहने, अजनबियों से सावधान रहने एवं किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तत्काल बैंक के सुरक्षाकर्मियों, डायल यूपी 112 या नजदीकी थाना को सूचित करने हेतु जागरूक किया गया। बैंक सुरक्षा गार्डों को भी निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो जिससे कि यातायात व्यवस्था में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान एटीएम/बैंकों/वित्तीय संस्थानों आदि के आसपास संदिग्ध रुप से खड़े/घूम रहे व्यक्तियों तथा संदिग्ध रुप से खडे वाहनों की भी चेकिंग कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई।